दिनांक : 02.06.2024 समय : 07.10pm

## आकाशवाणी, भोपाल
## सांध्यकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- चार जून को होने वाली लोकसभा चुनाव की मतगणना की प्रदेष में तैयारियां अंतिम चरण में।
- अरूणाचल प्रदेष में भाजपा ने और सिक्किम में सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा ने विधानसभा चुनाव में हासिल किया बहुमत।
- नमामि गंगे अभियान से जुड़ने के लिये मुख्यमंत्री ने प्रदेषवासियों का किया आह्वान।

और

- मौसम विभाग ने प्रदेष में कई स्थानों पर बारिष के लिये किया ओरेंज अलर्ट जारी।

............

### मतगणना तैयारियां

लोकसभा चुनाव की मतगणना में अब दो दिन से भी कम समय बचा है। ऐसे में प्रदेश में मतगणना को लेकर तैयारियां अंतिम दोर में पहुंच गई है। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नीमच में 4 जून को होने वाली मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। भारत निर्वाचन आयोग के गणना प्रेक्षक अजीज देसाई और बी.मल्लिकार्जुन के साथ कलेक्टर दिनेश जैन ने आज मतगणना स्थल का निरीक्षण कर मतगणना की तैयारियों का जायजा लिया। आज एनआईसी कक्ष में विधानसभावार नियुक्त किये जाने वाले मतगणना सुपरवायजर मतगणना सहायक एवं माईक्रों आब्जर्वर का रेण्डमाईजेशन किया गया। गुना के पी.जी. कॉलेज परिसर में मतगणना के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए जिला कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह ने कई प्रतिबंधात्मक आदेश पारित किये हैं। जारी आदेश अनुसार शासकीय पी.जी. कॉलेज गुना परिसर के 100 मीटर तक के क्षेत्र में वाहनों के प्रवेश को प्रतिबंधित करते हुये निषेधित क्षेत्र घोषित किया गया है। छतरपुर में आज जिला निर्वाचन अधिकारी और कलेक्टर संदीप जी आर और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने कानून एवं सुरक्षा ड्यूटी तथा अन्य व्यवस्थाएं हेतु बैठक की। मतगणना परिसर में अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश के रोकने हेतु त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था, अधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश हेतु निर्धारित विभाग,पद वार आइडेंटी कार्ड की व्यवस्था हेतु निर्देशित किया गया।

### मतगणना परिणाम

अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विधानसभा चुनाव के लिए आज हुई मतगणना में अरुणाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी और सिक्किम में सत्तारूढ़ सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा की जीत हुई है। अरुणाचल प्रदेश में भाजपा ने 36 सीटे जीती। पांच सीट नेशनल पीपल्स पार्टी के खाते में गई हैं। पीपल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल को दो, एनसीपी को तीन, निर्दलीय उम्मीदवार को तीन और कांग्रेस को एक सीट मिली। 60 सदस्यों की विधानसभा में भाजपा 10 सीटें निर्विरोध जीत गई थी। सिक्किम में सभी 32 सीटों के परिणाम मिल गए हैं। सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा ने 31 सीट जीत ली हैं। एक सीट सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट को मिली। राज्य में 32 सीटों पर मतदान हुआ था। भाजपा की अरूणाचल प्रदेष में

जीत पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे विकास की राजनीति को स्पष्ट जनादेष देने वाला बताया। वहीं सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग को जीत के लिये बधाई दी है।

प्रधानमंत्री—बैठक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज देश के पूर्वोत्तर क्षेत्रों में रेमल चक्रवात के प्रभावों की समीक्षा के लिए बैठक की। रेमल चक्रवात के प्रभावों की समीक्षा के लिए हुई बैठक में मिजोरम, असम, मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा में भूस्खलन तथा बाढ़ के कारण जान गवांने वालों और मकानों तथा सम्पत्ति को हुए नुकसान पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार चक्रवात प्रभावित राज्यों को हर प्रकार की सहायता देना जारी रखेगी। एक अन्य बैठक में प्रधानमंत्री ने भीषण गर्मी की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में प्रधानमंत्री को मौसम विभाग के पूर्वोनुमानों के अनुसार जानकारी दी गई कि राजस्थान, गुजरात, और मध्य प्रदेश में भीषण गर्मी जारी रहने की संभावना है। इस वर्ष मॉनसून सामान्य रहने की संभावना है। प्रधानमंत्री ने निर्देश दिया कि आग से संबंधित घटनाओं से निपटने और उन्हें रोकने के लिए पर्याप्त अभ्यास नियमित तौर पर अवश्य किए जाने चाहिए।

दुर्घटना—श्योपुर

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने नाव दुर्घटना में मृत हुए लोगो के परिजनों से श्योपुर पहुँच कर मुलाकात की। उन्होंने शोकाकुल परिजनों को सांत्वना देकर ढांढस बंधाया। मंत्री श्री तोमर अंतिम संस्कार में भी शामिल हुए। उन्होंने श्योपुर जिले में रिश्तेदारी में शामिल होने जा रहे 11 लोगों से भरी नाव सीप नदी में डूबने से हुए हादसे में सात लोगों की मृत्यु की ह्रदय विदारक घटना पर गहन दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से दुर्घटना में सभी मृतकों के परिजनों को नियमानुसार अनुग्रह राशि प्रदान कर आर्थिक सहायता दी जायेगी।

'नमामि गंगे अभियान'—प्रदेष

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण व संवर्धन के संबंध में जागरूकता के लिए 5 जून "पर्यावरण दिवस" से 16 जून "गंगा दशहरा" तक चलने वाले 'नमामि गंगे अभियान' में प्रदेशवासियों से सक्रिय रूप से भाग लेने का आव्हान किया है। उन्होंने कहा कि वृक्षों और जल से ही यह वसुधा समृद्ध है, यही जीवन का आधार है, अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण पर केन्द्रित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। जनभागीदारी से नदी, तालाब, कुंए, बावड़ी की साफ—सफाई कर, जनसामान्य में जल के प्रति चेतना बढ़ाने के लिए गतिविधियां संचालित की जाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम मध्यप्रदेश सरकार द्वारा संचालित की जाने वाली जल चेतना संबंधित गतिविधियों का हिस्सा बनें और जल पर केन्द्रित पर्वो से जुड़कर इनके पीछे छुपे रहस्यों को भी समझें।

जनजातीय समारोह

मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय, भोपाल की स्थापना के ग्यारहवें वर्षगाँठ समारोह को 'महुआ महोत्सव' के रूप में 6 से 10 जून तक मनाया जाएगा। महोत्सव में दोपहर 2 बजे से शिल्प मेला, व्यंजन मेला, बच्चों के लिए कठपुतली प्रदर्शन एवं जनजातीय नृत्यों की प्रस्तुतियाँ संयोजित होंगी। महोत्सव के अवसर पर शिल्प मेले का आयोजन भी किया जा रहा है। जिसमें पांच राज्यों के पारंपरिक शिल्पीयों को आमंत्रित किया गया है, जिसमें बांस, धातु,

कपड़ा, ज्वैलरी, खराद एवं अन्य शिल्प शामिल हैं। वहीं व्यंजन मेले में भी मध्यप्रदेश के साथ ही गुजरात, उड़ीसा, मणिपुर के व्यंजनकारों द्वारा  व्यंजनों का प्रदर्शन सह–विक्रय किया जायेगा।  7 से 10 जून तक प्रतिदिन शाम 6.30 बजे से मध्यप्रदेश के लोक संगीत के साथ–साथ गुजरात, तेलंगाना, उड़ीसा एवं मणिपुर राज्यों की विभिन्न नृत्य प्रस्तुतियाँ होंगी। इनमें बुन्देलखण्ड बघेलखण्ड निमाड़  के लोक संगीत आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

मौसम/मॉनसून

पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेष में भोपाल, नर्मदापुरम, चंबल, सागर संभागों में कहीं–कहीं बारिष होने से तेज गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग ने दतिया, सिंगरौली, अनूपपुर देवास, हरदा सहित 35 जिलों के लिये हल्की बारिष और तेज हवाओं के लिए ओरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही निवाड़ी जिले में तीव्र लू का ओरेंज अलर्ट है। भोपाल, विदिषा, रायसेन, सीहोर सहित 8 जिलों में हल्की बारिष के लिये येलो अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेष में सर्वाधिक तापमान निवाड़ी जिले के पृथ्वीपुर में 47.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आने वाले दिनों में प्रदेष के कई हिस्सो में मॉनसून पूर्व की बारिष की संभावना है। जिससे लू और गर्मी से राहत मिलेगी।

समाचार संक्षेप में .....

- उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में आज ज्येष्ठ कृष्ण एकादशी पर भगवान महाकाल का अभिषेक कर सिंदूर, चंदन और आभूषणों से विशेष श्रृंगार किया गया। भस्म आरती में पहुंचे श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल के दिव्य स्वरूप के दर्शन किए।
- दक्षिण वन मण्डल के डीएफओ ने बताया कि शहडोल जिले में जंगली जानवरों के शिकार करने और उनके अवशेष रखने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।
- नीमच जिले के डिप्टी कलेक्टर ने 5 शिक्षण संस्थाओं के कक्षा 5वीं एवं 8वीं का परीक्षा परिणाम शून्य रहने पर इन संस्थाओं के प्रधानों की दो–दो वेतनवृद्धि रोकने के आदेश जारी किए है।
- अशोकनगर जिले में साक्षरता अभियान चलाया जा रहा है। 1 जून से 15 जून तक विशेष सर्वे के दौरान असाक्षरों को चिन्हांकित किया जा रहा है।
- शिवपुरी में जिला प्रशासन की राजस्व, नगर पालिका ने शहर में  एक दर्जन स्थानों पर अवैध कॉलोनी काटने वालों पर कार्रवाई की।
- बैतूल जिला कलेक्टर ने एक छात्र की षिकायत पर कल देर रात जिला अस्पताल पहुंच कर स्टाफ को फटकार लगाई। छात्र ने  अस्पताल में उपचार नहीं दिये जाने की षिकायत की थी।
- टी–20 क्रिकेट विश्व कप में अब से कुछ देर बाद वेस्टइंडीज और पापुआ न्यू गुएनिया की टीमे आमने–सामने होंगी। यह मैच वेस्टइंडीज के गयाना में खेला जाएगा।

.................................